हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025



# एमआईसी में हर वर्ग से शामिल किए जाएंगे पार्षद, महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव नगर निगम को लेकर सभापति के चुनाव के बाद अब एमआईसी को लेकर माथापच्ची का दौर शुरू हो गया है। मेयर मधुसूदन यादव की एमआईसी में सभी वर्ग से लोगों को शामिल करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं की भागीदारी भी अधिक रखी जाएगी। एमआईसी में पहली बार पार्षद बने नए लोगों के साथ ही अनुभवी चेहरों का तालमेल देखने को मिलेगा।

हालांकि भाजपा की तरफ से कोई भी संकेत एमआईसी की सूची जारी करने को लेकर नहीं मिला है, लेकिन पार्टी सूत्रों की माने तो एमआईसी के गठन में बहुत अधिक समय नहीं लगाया जाएगा। जल्द से जल्द एमआईसी का गठन कर निगम सरकार अपना काम शुरू करना चाहती है। यहीं कारण है कि एमआईसी के लिए चयन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। हालांकि निगम अध्यक्ष में जिस तरह से मेरा-तेरा वरिष्ठ नेताओं के बीच देखने को मिला, एमआईसी को लेकर भी ऐसी ही खींचतान देखने को मिल सकती है। हालांकि पार्टी में एमआईसी की चर्चा शुरु हो गई है।

**महिलाओं में इनके नाम शामिल**

मिली जानकारी के अनुसार एमआईसी में दो से तीन महिलाओं को शामिल किया जा सकता है। इनमें वार्ड क्रमांक 38 से पार्षद मणिभास्कर गुप्ता, वार्ड क्रमांक 43 से पार्षद खेमिन यादव, वार्ड क्रमांक 22 से पार्षद बीना ध्रुव, वार्ड क्रमांक 25 से पार्षद वर्षा सिन्हा के अलावा वार्ड क्रमांक 40 से पार्षद केवरा राय का नाम शामिल है।

## जल्द घोषित किए जाएंगे एमआईसी सदस्यों के नाम, विभाग बंटवारे को लेकर भी होगा मंथन

### सामान्य-एसटी-एससी चेहरे रहेंगे

महापौर और सभापति ओबीसी वर्ग से बनाए जाने के चलते अब एमआईसी में सामान्य वर्ग के पार्षदों को अधिक तरजीह दी जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार 9 में तीन से चार सदस्य सामान्य वर्ग से हो सकते हैं। वहीं एसटी-एससी से भी एक से दो नाम रखे जाएंगे। ओबीसी वर्ग से एक या दो को ही एमआईसी में अवसर दिया जाएगा। सामान्य वर्ग में आलोक श्रोती, राजा माखिजा, राजेश जैन, शैंकी बग्गा, जैनम बैद, मणिभास्कर गुप्ता में से मौका दिया जाएगा। वहीं एससी वर्ग से संदीप बघेल, केवरा राय और कमलेश बंधे के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही एसटी वर्ग से बीना ध्रुव, सेवकराम के नाम शामिल हैं।



### सभी इलाके साधने की कोशिश

ज्ञात हो कि शहर के मोतीपुर और तुलसीपुर इलाके से मेयर एवं निगम अध्यक्ष बनाए जा चुके हैं। ऐसे में अब उस इलाके से एमआईसी में अधिक पार्षदों को शामिल करने की संभावनाए समाप्त हो गई है। शहर के सभी इलाकों में समन्वय बनाए रखने के लिए अब एमआईसी में लखोली, मोहारा, रेवाडीह, स्टेशनपारा व शहर के मध्य इलाके से जीतकर आए पार्षदों को एमआइसी में शामिल किए जाने का दबाव बढ़ गया है।

---

## निकाय के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का आबकारी पर असर

# डेढ़ महीने में बिकी 102 करोड़ की शराब पिछले साल से 18.6 करोड़ अधिक आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले डेढ़ महीने में नगरीय निकाय से लेकर ग्राम पंचायत तक के चुनाव संपन्न कराए गए। जिले में पंद्रह हजार से अधिक प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाया। सभी प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को अपने लिए वोट करने कई तरह के वादों के साथ ही लुभावने उपहार भी बांटे गए। इसमें शराब सबसे अधिक डिमांड में रही। आलम यह रहा कि पिछले डेढ़ महीने में ही राजनांदगांव जिले में सौ करोड़ से अधिक की शराब बिक्री दर्ज की गई। इतना ही नहीं यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले लगभग पौने 19 करोड़ रुपए अधिक है।

जबकि इस दौरान करीबन सात दिनों तक चुनाव के कारण दुकानें भी बंद रही। इसके बावजूद शराब की खपत में इजाफा साफ संकेत है कि चुनाव में जमकर शराब का उपयोग प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के लिए किया गया। हालांकि आबकारी और पुलिस महकमा का दावा था कि दोनों विभाग लगातार शराब की अवैध तस्करी पर नजर बनाए हुआ था, लेकिन इसके बावजूद बड़ी मात्रा में शराब चुनाव के दौरान बांटी गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही चुनाव में बांटने आ रही सैकड़ों पेटियां शराब अलग-अलग मामलों में पकड़ी गई। शराब की डिमांड इन चुनाव में ऐसी रही कि पिछले साल के बिक्री के सभी रिकार्ड इस बार टूट गए।



### शराब दुकान रही बंद, फिर भी बढ़ी आय

इस बार पिछले साल के मुकाबले शराब की आय बढ़ना, इसलिए भी चौंकाने वाला है, क्योंकि चुनाव के चलते अलग-अलग इलाकों में लगभग सात दिन शराब की दुकानें बंद रही। इनमें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 11 फरवरी को मतदान के चलते लगभग तीन दिन और 17 से 23 फरवरी के मध्य तीन चरण में हुए पंचायत चुनाव के चलते उन इलाकों की शराब दुकानें बंद रही। इसके बावजूद जनवरी-फरवरी में 102 करोड़ की शराब बिक्री दर्ज की गई।

### जनवरी में 27, फरवरी में 17% अधिक

शराब बिक्री में पिछले डेढ़ महीने में लगभग 22 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। इनमें जनवरी माह में कुल 54.72 करोड़ रुपए की शराब बिक्री हुई। इनमें 28.87 करोड़ की देशी शराब शामिल है। यह आंकड़ा पिछले साल के जनवरी महीने से लगभग 27.59 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल जनवरी में 42.89 करोड़ की शराब बिकी थी। वहीं फरवरी महीने में 25 तारीख तक ही 47.48 करोड़ की शराब बिक्री हो गई है। यह पिछले साल से 16.61 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल फरवरी में 40.72 करोड़ की शराब बिक्री हुई थी। ऐसे में महज डेढ़ महीने में ही जिले के भीतर 18.60 करोड़ रुपए की अधिक शराब इस साल बिकी है।

### पड़ोसी राज्यों से भी आई शराब

इस चुनाव के दौरान यह भी पाया गया कि लगातार महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से शराब की अवैध तस्करी जिले में हो रही थी। पुलिस ने ही आधा दर्जन से अधिक ऐसी कार्रवाई जनवरी-फरवरी के दौरान की। जिनमें पड़ोसी राज्य से शराब लाई जा रही थी। यदि पड़ोसी राज्यों से शराब की आवक बिल्कुल नहीं होती तो जिले में शराब बिक्री का आंकड़ा और अधिक हो सकता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सस्ते दाम होने के चलते बड़ी मात्रा में पड़ोसी राज्यों से भी शराब चुनाव के दौरान खपाई गई है।

---

# निजी स्कूलों को खराब रिजल्ट का भय सरकारी स्कूल के बच्चे देंगे बोर्ड परीक्षा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी कक्षा पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्राइवेट स्कूलों द्वारा तैयारी नहीं कराए जाने के चलते प्राइवेट स्कूलों ने बोर्ड परीक्षा से दूर रहने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर प्राइवेट स्कूलों को इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने की छूट मिल गई है।

कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को पास किए जाने के फरमान के चलते निजी स्कूलों में अपने स्तर पर ही पढ़ाई कराई जाती है। ऐसे में अब इस सत्र से ही कक्षा पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित किए जाने की सूचना जारी होने के बाद निजी स्कूलों को बोर्ड में शामिल होने से खराब रिजल्ट का भय बना हुआ था। इस सत्र में बोर्ड परीक्षा के लिए अपनी तैयारी नहीं करवा पाने वाले निजी स्कूलों ने बोर्ड परीक्षा के खिलाफ न्यायालय की शरण ली और हाईकोर्ट में याचिका लगाकर प्राइवेट स्कूलों को इस बोर्ड परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त करने मांग की।

**स्वेच्छा से हो सकते हैं शामिल**

होली त्यौहार के बाद आयोजित होने वाली पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा में अगर निजी स्कूल चाहे तो स्वयं अपनी स्वेच्छा से वह इस बोर्ड परीक्षा में अपने स्कूल के बच्चों को सम्मिलित कर सकते हैं, लेकिन लगभग सभी निजी स्कूलों ने अपनी तैयारी बोर्ड के मद्देनजर नहीं की है। जिसके चलते वह बोर्ड परीक्षा से दूर नजर आ रहे हैं।



### प्राईवेट पब्लिशर की बुक

निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशरों की महंगी किताबें पढ़ाई जाती है। ऐसे में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने से परीक्षा में आने वाले प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस हो जाएंगे और बच्चों का रिजल्ट खराब आएगा। जिसके चलते निजी स्कूलों ने इस बोर्ड परीक्षा से दूरी बनाना ही बेहतर समझा है।

### 27 हजार बच्चे देंगे बोर्ड परीक्षा

एक तरफ प्राइवेट स्कूल द्वारा बोर्ड परीक्षा से इनकार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शासकीय स्कूलों में अध्यनरत कक्षा पांचवी और आठवीं के बच्चे बोर्ड की परीक्षा देंगे। कक्षा पांचवी में शासकीय स्कूलों के लगभग 14 हजार और कक्षा आठवीं में लगभग 13 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

### पांचवीं-आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से

राज्य शासन द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं के लिए एकीकृत परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रैल तक चलेगी। जिसमें परीक्षा का समय सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। वहीं प्रश्न पत्र का निर्माण राज्य शासन द्वारा जारी ब्लूप्रिंट के आधार पर जिला स्तर पर किया जा रहा है।

### अपने स्तर पर परीक्षा का आयोजन

निजी स्कूलों द्वारा दी गई याचिका पर हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि निजी स्कूलों को स्वतंत्र रखा जाए। बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले निजी स्कूल अपने स्तर पर अपने स्कूलों में पांचवी और आठवीं की परीक्षा आयोजित करेंगे। - **प्रवास सिंह बघेल**, जिला शिक्षा अधिकारी

---

## सिंगदई साहू बैठक में भाजपा पार्षद ने की हाथापाई

**राजनांदगांव।** शहर के सिंगदई वार्ड से बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों ने जिला साहू सदन पहुंचकर एक भाजपा पार्षद पर सामाजिक बैठक के दौरान गाली-गलौज और हाथापाई करने का आरोप लगाते उनके खिलाफ सामाजिक स्तर पर कार्रवाई करने की मांग की है। वार्ड नं. 50 सिंगदई से शिकायत लेकर पहुंचे साहू समाज के लोगों ने अपने सामुहिक ज्ञापन के माध्यम से कहा कि बीते 28 फरवरी को कमलनारायण साहू के कहने पर समाज के वार्ड अध्यक्ष भरत साहू द्वारा सामाजिक मीटिंग बुलाई गई थी। कमलनारायण अपने पूरे परिवार के साथ 2-3 वर्षों से सामाजिक बंधन से छूटा हुआ है। इस बैठक में कमलनारायण और उनके परिवार को साहू समाज एवं पार में मिलाने की चर्च चल रही थी। इसी बीच कमलनारायण साहू के पुत्र डुरेन्द्र साहू एवं पप्पू साहू आए और सीधे सामाजिक मीटिंग के बीच घुसकर अध्यक्ष का कालर पकड़कर लिया, सचिव को नामजद एवं साहू समाज के पदाधिकारियों को गंदी-गंदी गाली देने लगा। वहीं अपने पार्षद होने का धौंस दिखाया। जिसमें उनकी माताजी भी सम्मलित थी।



---

# एक समय जलापूर्ति से बढ़ी दिक्कतें निस्तारी के लिए हैंडपंप का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी नहीं होने के चलते शहर में दो समय दिए जाने वाली जलापूर्ति को एक समय कर दिया गया है। जिसके बाद लोगों को समस्याएं हो रही है और जल संकट गहराने लगा है।

गर्मी के शुरूआती दिनों से पहले ही जलापूर्ति के लिए बने मोहारा एनीकट में पानी का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से जल संकट बना हुआ है। नगर निगम द्वारा मटियामोती जलाशय और मोंगरा बैराज से पानी लेकर शहर की प्यास बुझाई जा रही है, लेकिन एनीकट में पर्याप्त पानी नहीं होने के चलते पानी देने का समय घटाकर एक टाइम कर दिया गया है। जिसके चलते कई घरों में जल संकट हो गया है। नगर निगम द्वारा जल संकट को देखते हुए एक समय की जा रही जलापूर्ति भी लगभग 10-15 मिनट ही हो रही है। शहर के दूरस्थ क्षेत्र में नल की पतली धार के चलते दो-तीन बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है। जिसके चलते समस्याएं होने लगी है। जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरूस्त नहीं हुई तो पानी के लिए हाहाकार मच सकता है।



### सप्लाई हुई आधी

प्रतिदिन नगर निगम द्वारा शहर में लगभग 4 करोड़ लीटर से अधिक पानी की सप्लाई की जाती थी, लेकिन मोहारा एनीकट में पानी नहीं होने के चलते वर्तमान समय में लगभग डेढ़ से 2 करोड़ लीटर ही पानी सप्लाई की जा रही है।

### हैंडपंप से लाना पड़ रहा पानी

एक टाइम नल खुलने की वजह से 4-5 सदस्य वाले परिवार में पानी नहीं पूर पा रहा है। खाना बनाने और पेयजल में ही पानी खत्म हो रहा है। ऐसे में कपड़ा धोने और नहाने के लिए लोगों को आसपास के हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है।

---

# होली पर्व के लिए पुलिस अलर्ट, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर, दर्जनभर को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। जिसके चलते असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी गई है। वहीं बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई अभियान भी चलाया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर बसंतपुर पुलिस द्वारा आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 14 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर शहर में होली पर्व सौहद्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गई कार्रवाई तथा कुछ बदमाशों को थाना बुलाकर आवश्यक समझाइश दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, उपनिरीक्षक नरेश सार्वा, देवादास भारती, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, डेमिन साहू, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, किशोर यादव, दीपक जायसवाल आरक्षक प्रवीण मेश्राम, मोहसीन खान, कुश बघेल, अतहर अली, जमेंद्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस के अनुसार धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा।




### पुलिस टीम गठित

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्टाफ का अलग-अलग टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम द्वारा थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत के आदतन अपराधी जो कि आगामी होली पर्व में अप्रिय घटना घटित कर शहर का माहौल खराब कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर अलग-अलग स्थानों में पुलिस ने घेराबंदी की एवं 12 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### 12 अनावेदक को भेजा गया जेल

पुलिस के अनुसार अनावेदकगणों नाम अनावेदक कोमल कौशिक 35 साल कुंआ चौक नंदई, प्रदीप पटेल 25 साल निवासी सागरपारा, दिलीप लहरे 20 साल निवासी कौरिनभांठा, अर्जुन धनकर 18 साल निवासी कौरिनभांठा, साजिद खान 45 साल निवासी कुंआ चौक नंदई , राज सोनवानी उम्र 24 साल निवासी ललाबाग प्रभात नगर, चंदन गणवीर 24 साल निवासी लालबाग प्रभात नगर, ललित ढीमर 19 साल निवासी ढीमरपारा, सरजू सिंह ठाकुर 22 साल निवासी बसंतपुर चौक, तरूण यादव 28 साल निवासी महामाया चौक, नेतराम यादव 23 साल निवासी कौरिनभांठा, तिलक सिन्हा 34 साल निवासी बांसपाईपारा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया।

---

**माय एंगल**




## तीन मामलों से समझिये पुलिस की कार्यप्रणाली पर क्यों उठ रहे सवाल

# बिना शराब जब्त किए लगाया आबकारी एक्ट 15 लाख की चोरी में महज 33 सौ रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली लगातार सवालों के घेरे में आ रही है। चर्चित सुकुलदैहान मामले में भी पुलिस की घोर लापरवाही सामने आई है। पहले पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ शराब मिलने के बाद भी कार्रवाई में देरी की और फिर जब एफआईआर दर्ज की गई तो बिना शराब को जब्त किए आबकारी एक्ट लगा दिया गया। वहीं दूसरी ओर शहर के केशर नगर स्थित एक मकान में पंद्रह लाख की चोरी के बाद तीन आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन इस चोरी में महज 33 सौ रुपए ही बरामद किए जा सके।

ऐसा भी नहीं है कि जिला पुलिस पहली दफा कटघरे में आई हो। पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में भी हाल ही में गिरफ्तार की गई आरोपी महिला आरक्षक काजल को हिरासत में लेने के तीन दिन बाद तक भी सूचना नहीं जारी की गई थी। सोशल मीडिया के माध्यम से जब यह मामला सामने आया, तब जाकर पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना आम की। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिना शराब जब्त किए आबकारी एक्ट लगाए जाने के चलते ही आरोपी को जमानत मिल गई। इतना ही नहीं कार्रवाई को लेकर स्थानीय कोर्ट में आरोपी को पेश करने के दौरान जज ने पुलिस अफसरों को जमकर फटकार लगाई।




### शराब छोड़ी, फिर एफआईआर कैसे

शराब की अवैध तस्करी के मामलों में मौके पर ही जब्त बोतल के आधार पर कार्रवाई की जाती है। वीडियो के आधार पर कार्रवाई नहीं होती, लेकिन सुकुलदैहान के मामले में पुलिस ने तीन से चार दिन की देरी के बाद वीडियो को आधार बनाकर आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर दिया। मजेदार बात यह है कि तीन से चार पेटी शराब होने का दावा करने वाली पुलिस के पास एक बोतल शराब भी इस प्रकरण को लेकर जब्त नहीं थी।

### विभाग में ही आपसी तालमेल की कमी

पिछले कुछ महीने से देखा जा रहा है कि पुलिस विभाग के आला अफसरों के बीच ही तालमेल देखने को नहीं मिल रहा है। विभाग के ही अफसर अपने अधिकारियों की बातों को अनसुना कर काम कर रहे हैं। इसकी शिकायत भी लगातार सामने आती रही है, लेकिन चिंताजनक यह है कि इसके बाद भी ऐसे अधिकारियों पर विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)



- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना)
- गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के खाते में 13वीं किस्त जमा



**सड़क अतरिया।** महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की 13 वीं किस्त जमा किया। भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ज्योति जंघेल ने इसके लिए आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने राशि जमा कर महिलाओं का अभिनंदन किया है जिससे महिलाएं प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना महिलाओं के लिए कारगार साबित हो रही है। हर माह मिलने वाली राशि से महिलाएं बच्चों की शिक्षा, कृषि कार्य में व्यवस एवं, संचय आदि में लगाकर आत्म निर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है। जो महिला इस महत्वपूर्ण योज एवं संचय कर रही हैं।

### महिला किसानों का सम्मान




**डोंगरगांव।** छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम साल्हे में महिला दिवस के अवसर पर किसान, जनप्रतिनिधि सम्मान और कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हेमशंकर जेठमल साहू थे। कार्यक्रम में मृदा जांच विशेषज्ञ धनेंद्र साहू, मृदा जांच अधिकारी संजय साहू तथा एग्री टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ प्रदीप जेठमल उपस्थित थे। इस दौरान किसानों को मृदा परीक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों और किसान उत्पादक संगठन के महत्व के बारे में बताया गया। गांव की महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया, ताकि कृषि में उनके योगदान को सराहा जा सके। इस मौके पर किसान, सरपंच मौजूद थे। आल वालेंटरी एसोशिएशन फाऊंडेशन ने इस कार्यक्रम का आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने किया था।

### आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**डोंगरगांव।** संचालक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में पुराने सरकारी हॉस्पिटल परिसर में कल 10 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। शिविर में डाक्टरों द्वारा वातरोग, गठियावात, आमवात, संधिवात, कटिशूल, उदररोग, स्त्रीरोग, बालरोग, चर्मरोग, मधुमेह, बीपी, श्वास, कास, बवासीर एवं अन्य रोगों का निदान किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ. तपेश्वर सिंह ने बताया कि शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिविर में नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, शुगर जांच एवं बीपी जांच भी किया जाएगा। उन्होनें लोगों से अधिकाधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**डोंगरगढ़।** लालबहादुर नगर पंचायत कल 10 मार्च को अध्यक्ष सहित 15 पार्षद शपथ ग्रहण करेंगे। कल ही नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल की उपस्थिति में उपाध्यक्ष पद के लिए एक नाम तय किया जाएगा। उपाध्यक्ष के लिए प्रीति ताम्रकार, छबिधर साहू, रमेश यादव का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। पार्टी पदाधिकारी एवं निर्वाचित पार्षद की सलाह से एक नाम तय किया जाएगा।

## ग्रामीणों की मदद से आरोपी पकड़ में

# मेढ़ा में धान की चोरी का खुलासा आरोपी ने पुलिस को खुद बुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मेढ़ा धान खरीदी केन्द्र से लगातार धान चोरी की शिकायत मिलने के बाद शनिवार रात को समिति प्रबंधक की सतर्कता और चौकीदार, ग्रामवासियों की मदद से चोर सहित चार चक्का वाहन, दो मोटर साइकल को पकड़ने में सफलता मिली है। बताया जा है कि मौके से अन्य चोर फरार हो गए।पकड़े गए चोर ने अपने मोबाईल से वाहन 112 को कॉल कर बुला कर अपने को पुलिस के हवाले किया।

जानकरी के अनुसार मेढ़ा सोसायटी अंतर्गत धान संग्रहण केन्द्र से रात 12 से 1 के बीच अज्ञात लोग धान की बोरियों को निकाल कर पास स्थित तलाब तक ले गए थे। यह लोग लगभग 40 कट्टा धान ले गए थे।

समिति प्रबंधक रामदयाल चंद्रवंशी ने सीसीटीवी कैमरे में देखा कि कुछ लोग चुराने की नियत से छल्ली से धान को निकाल रहे है। उन्होंने परिजनों के साथ मौके पर पहुंच कर चौकीदार मेलाराम पटेल, कन्हैयालाल साहू, हीरामन चंद्रवंशी की मदद से करवारी निवासी देवसागर सिन्हा को पकडने में सफलता हासिल किया। जबकि 2 अन्य आरोपी मोटर साइकिल एवं महिन्द्रा वाहन छोड़ कर भाग गए।

### कुछ आरोपी मौके से फरार



#### कैसे पहुंची पुलिस

ग्रामीणों की मदद से वाहन और आरोपी को पकड़ लिया गया किन्तु बिना बुलाए पुलिस वाहन गांव कैसे पहुंचा यह चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रातः 8 बजे तक ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी सहित 2 अन्य आरोपी को पकडकर थाना ले गई। टीआई व्हीके वर्मा ने बताया कि समिति प्रबंधक, चौकीदार एवं अध्यक्ष चंद्रकुमार देवांगन के बयान के आधार पर मामला पंजीबध कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### डोंगरगढ़ के हैं वाहन

बताया जा रहा है कि जप्त तीनों वाहन डोंगरगढ़ के लोगों के हैं। गांव वालों का कहना है कि इस चोरी में 5 से 6 लोगों का ग्रुप शामिल है जो लंबे समय से धान चोरी में लिप्त है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा मंडल के प्रमुख बोधीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे सहित अन्य मौके पर पहुंचे। समिति प्रबंधक के साथ थाना पहुंचकर मेढ़ा सोसायटी में 5, 10 और 22 फरवरी को हुई चोरी और आसपास की अन्य सोसायटी में हो रही चोरी के मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि आरोपी डोंगरगढ़ के एक लाज संचालक का कर्मचारी है। पकडे गई मोटर साईकिल का भी संचालक का होना बताया जा रहा है।

## गैंदकुंवर जनपद अध्यक्ष और अघनुराम उपाध्यक्ष निर्वाचित

- मतदान में सभी सदस्यों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्थानीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत मोहला केअध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी हीरा गवर्ना, सहायक पीठासीन अधिकारी दिनेश साहू एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशवरी देवांगन की मौजूदगी में निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया। जनपद पंचायत के लिए गैंदकुंवर ठाकुर अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। इसी प्रकार अघनूराम कुमेटी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। जनपद पंचायत मोहला के लिए कुल 15 सदस्य निर्वाचित हुए है। अध्यक्ष पद के लिए गैंदकुंवर ठाकुर एवं कीर्ति कला के बीच निर्वाचन हुआ। गैंदकुंवर ठाकुर के पक्ष में 8 सदस्यों ने मतदान किया। कीर्ति कला के पक्ष में 7 सदस्यों ने मतदान किया। इस प्रकार गैंदकुंवर ठाकुर 1 वोट से निर्वाचित हुई। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के लिए अघनूराम कुमेटी एवं अश्वनीदेवी के बीच निर्वाचन हुआ। 8 सदस्यों ने अघनूराम कुमेटी के पक्ष एवं अश्वनीदेवी के पक्ष में 7 सदस्यों ने मतदान किया। अघनूराम कुमेटी 1 मतों से निर्वाचित हुए।

### करन शाह को मिली एलएलबी ऑनर्स की डिग्री



**गंडई पंडरिया।** गंडई राजपरिवार के युवराज और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो के पुत्र करन शाह खुशरो ने हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर से बीए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। गत 8 मार्च को रायपुर में आयोजित अष्टम दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की उपस्थिति में करन शाह खुशरो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। करन शाह खुशरो क्षेत्र के पहले ऐसे युवा हैं, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से यह उपलब्धि प्राप्त मिली है। पूर्व जमींदार स्व लाल डोगेन्द्र शाह खुशरो के पौत्र करन शाह खुशरो की इस सफलता से नगर में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उन्हें

### मनाया महिला अधिकार दिवस



**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला के तत्वावधान में संसारगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि यादबाई पटेल थी। अध्यक्षता सुनंदा मोहुर्ले ने की। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने महिला अधिकार गीत प्रस्तुत किया। भुरभुसी के शत्रुघ्नसिंह सलामे ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। सीमित अधिकार को देखते हुए उन्होंने महिलाओं से जागृत होकर सामने आने का आव्हान किया। महिलाओं ने अपने गांव में एकजुटता से किए गए कार्य की जानकारी दिया।

### जिला सदस्य हेमलता ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हेमलता मंडावी ने अपनी ऐतिहासिक जीत के लिए वनांचलवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज और ग्रामीणों के अमूल्य सहयोग से यह जीत हुई है। जिनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। वनांचल के प्रत्येक गांव में पानी, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि की पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करूंगी। वहीं राज्य एवं केन्द्र सरकार के योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास हमेशा रहेगा।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



## खबर संक्षेप

### महिलाओं को बताया अधिकार



**डोंगरगढ़।** महिला दिवस के मौके पर एसआई रामेश्वरी बघेल ने महिलाओं को संविधानिक व मौलिक अधिकारों के बारे मे बताकर जागरूक किया। मिठाई बांट कर महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने में भाग लिया।

### धरम पटवा बने उपसरपंच

**बांधाबाजार।** ग्राम पंचायत जोरातराई में शनिवार को उपसरपंच का



चुनाव अधिकारियों की निगरानी में संपन्न हुआ। थैलीटोला के धरम पटवा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3 मतो के अंतर से पराजित किया। परिणाम की घोषणा के बाद ग्रामीणो ने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस दौरान सरपंच योगेश कोडापे, पंचायत सचिव राजेश कुमार वैद्ये, पंच मथुरा भांडेकर, सुनीता चन्द्रवंशी, बिसरी चन्द्रवंशी, इंदलबती सिन्हा, सुरूज यादव, खिल्लू कुंजाम, राकेश सोनझरिया, सुरेखा सेवता, चित्ररेखा सिन्हा, अनिता बारमाटे, पुनऊराम, संतोष कोडापे, भागचंद सिन्हा, भागवत सिन्हा, लखन सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा, ललित सिन्हा, जयचंद सिन्हा, लालचंद सिन्हा , कृष्णा रामटेके आदि उपस्थित थे।

### नवदम्पत्ति ने कराया भोज



**दाऊसिर्रा।** ग्राम सिर्राभांठा में नवदम्पत्ति चंद्रमणि साहू और झरना साहू ने विवाह के बाद प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला सिर्राभांठा में न्योता भोज कराया। नवदंपति ने बच्चों को लड्डू, पापड़, खीर परोसा। इस दौरान परसराम साहू, चुनिया साहू सहित शिक्षक उपस्थित थे।

### महिलाओं ने कराया न्योता भोज

**दाऊसिर्रा।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सिर्राभांठा में महिलाओं ने



बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। महिलाओं ने बच्चों को पुरी, सब्जी, केला, अंगूर एवं सेवई खिलाया। नंदकिशोर साहू ने मिठाई वितरित किया। महिलाओं ने इस दौरान बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों से चर्चा किया।

# ठेका कर्मी रखने के प्रस्ताव से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ लंबे समय से विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग कर रहा है। इस संदर्भ में कई बार राज्य एवं जिला स्तरीय धरना आंदोलन भी हो चुका है। भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में दैनिक भोगी कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था । कर्मचारियों को नियमित करने के लिए विभागीय स्तर पर जानकारी एकत्रित भी कर लिया गया है। वहीं अब लोक निर्माण विभाग में नई प्रथा शुरू की जा रही है जिसमें पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को



प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से रखा जाएगा। इस स्थिति में पूर्व से कार्यरत कर्मचारी जो 10 से 20 वर्ष से कार्यरत है को नियमित करने की संभावना कम हो जाएगी। जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता दुर्ग परिक्षेत्र ने इस आशय की प्रस्ताव तैयार कर प्रमुख अभियंता रायपुर को भेजा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को कार्य में नियोजन के लिए रखा जाता है क्योंकि नियमित पदों पर भर्ती नहीं होने से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के माध्यम से कार्य कराया जाता है। इन कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर माननीय न्यायालय में नियमितिकरण करने के लिए वाद दायर किए जा रहे हैं जिसके कारण उन्हें नियमित करना पड़ रहा है। उनकी पीएफ कटौती होने के करण इनके नियमित होने की संभावना काफी हद तक बनती है जिसे देखते हुए इन कर्मचारियों को ठेका प्रथा अंतर्गत नियोजित कर दिया जाए।

**कर्मचारियों में नाराजगी**

इस प्रस्ताव को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है। कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के माध्यम से इस प्रस्ताव को रोकने का आग्रह किया है ताकि उनका भविष्य खतरे में ना पड़े। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को ठेकेदारी प्रथा में नियोजन न करने के लिए संघ का प्रस्ताव तैयार कर आगामी समय ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सिन्हा समाज के जिला उपाध्यक्ष बने सोनकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सिन्हा कलार समाज की जिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ कार्यकर्ता सोनकुमार सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया है।

उनके मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश्वर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, सदस्य प्रशांत कोडापे, ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, जितेंद ठाकुर, विशाल सुराणा, नवीन अग्रवाल, जसमीत बन्नोआना,



एलबी नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल, दिनेश निषाद, ज्योति बड़वाईक, राहुल ठाकुरराम यादव, डी एकेश राव, प्रीति चमन समुंद्रे, शिवंगी साखरे, देवेश, मनोज साहू, भीष्मसिंह ठाकुर, सुनील नागदौने, धीरज मेश्राम, सुदेश मेश्राम, संगीता टेम्भुरकर, अनिता लोकेश इंदुरकर, भागवत नामदेव, विनय बंसल आदि ने बधाई दी है।

# नारी से ही हुई है सृष्टि की रचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। इस अवसर पर कक्षा 9 वीं की छात्रा याचना और ट्विंकल ने बेस्ट फॉर वेस्ट का अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पॉलीथिन और फोम से गुलदस्ता बनाकर महिला व्याख्याताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर चहक, याचना और दिव्या ने गीत की प्रस्तुति किया। शिक्षक वेदप्रकाश साहू ने कहा कि ग्रंथो में नारी को नारायणी कहा गया है।

नारी से ही सृष्टि की रचना हुई है। व्याख्याता हैपशिबा एंथोनी ने अपने




स्वरचित कविता का पाठ किया। प्राचार्य ने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि सृष्टि का आधार है। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, पवन सिन्हा, भागवत साहू, हिमांशी, कुंदन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनिल बने उदयपुर के उपसरपंच



**उदयपुर।** ग्राम पंचायत उदयपुर में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। ब्लाक युवा कांग्रेस के सचिव अनिल विश्वकर्मा को 9 मत प्राप्त किया। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रंजीता मिश्रा को 5 मत मिले। एक मत रिजेक्ट हुआ। अनिल 04 मत से विजयी हुए। उनके निर्वाचित होने से युवाओं में हर्ष का माहौल है। श्री विश्वकर्मा के उपसरपंच बनने पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण, संजय जंघेल, अनिमेष सिंह ने बधाई दिया है।निर्वाचन के बाद बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी किया गया। इस मौके पर गुलशन तिवारी, पंच सुरेश मिश्रा, लालाराम साहू, रेखचंद साहू, श्यामू साहू, धनेश निषाद, दुलेश यादव आदि मौजूद थे।

# अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज, सिंहदेव मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 10 मार्च को दोपहर 3 बजे पुराना तहसील कार्यालय के सामने वार्ड 7 में होगा। नगर पंचायत ने सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है। शपथ ग्रहण समारोह पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।अध्यक्षता विधायक यशोदा वर्मा करेंगी। नगर पंचायत गंडई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो एवं पार्षदों को रिटर्निंग आफिसर सुश्री रेणुका रात्रे शपथ दिलाएंगी।

शपथ समारोह में नेता, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता की उपस्थिति को देखते हुए समारोह स्थल को बनाया गया है ताकि विपरित स्थिति निर्मित न हो। नगर पंचायत क्षेत्र के व्यापारी, वरिष्ठजनों, पार्टी प्रमुखों सहित अन्य नागरिकों को नगर पंचायत द्वारा आमंत्रण कार्ड भेजा गया है। वहीं ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई ने समारोह के एक दिन पहले रविवार बाजार में मुनादी करवाकर आम जनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया।



**पहले निकलेगी आभार रैली**

जानकारी अनुसार शपथ समारोह के पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो द्वारा पार्षदों के साथ शहर में आभार रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से मतदाताओं सहित आम जनता का आभार प्रदर्शन किया जाएगा। सुबह 9 बजे अध्यक्ष ,पार्षद सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एकत्रित होकर वार्ड 1 बैहराभाठा जाएंगे। बाजे गाजे के साथ आभार रैली का आगाज करेंगे जो दोपहर तक सभी 15 वार्ड तक जाएगी।

**11 बजे भाजपाई लेंगे शपथ**

जानकारी अनुसार भाजपा की टिकट से जीत कर आए 8 पार्षदों का शपथ ग्रहण निकाय के सभागार में सुबह 11 बजे रखा गया है। इन पार्षदों को एसडीएम शपथ ग्रहण कराएंगे। इसी प्रकार वार्ड 13 से निर्वाचित निर्दलीय सावंत कुमार का शपथ ग्रहण निकाय में ही अलग से किया जाएगा।




## सार समाचार

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं 24 पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। गुरूवार को नीचे मंदिर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम मनोज मरकाम ने अध्यक्ष के बाद वार्डवार सभी 24 पार्षदों को शपथ दिलाया। शपथ ग्रहण के बाद पालिका सभागार में नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से वार्ड 11 के पार्षद उमा महेश वर्मा ने जीत हासिल किया। पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को भाजपा महामंत्री संतोष राव, युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़, भूषण सिंहा, गिरीश साहू, ललित शर्मा, अखिलेश गढेवाल, पीयूष साहू सहित अन्य ने बधाई दी है।

### विजय राजपूत बने सोमनी के उपसरपंच



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सोमनी के उपसरपंच का चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि विजय सिंह राजपूत जो की भाजपा नेता रमन सिंह राजपूत के भतीजे हैं, ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गोविंद साहू को 5 मतों से शिकस्त देकरउपसरपंच निर्वाचित हुए। उपसरपंच निर्वाचित होने पर समस्त पंच एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी। विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय सिंह राजपूत को पंचों द्वारा कुल 13 मत प्राप्त हुए एवं गोविंद साहू को 8 मत प्राप्त हुए।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 9 मार्च को पुख्ता सूचना के आधार पर गठुला नाला के आगे अवैध शराब बिक्री हेतु रखे आरोपी किशन वर्मा 29 साल साकिन चंडीपारा के कब्जे से 19 पौवा सुपर जिप्सी फाईन व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 2470 रुपए एवं बिक्री रकम 280 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

### माल वाहक की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

**खैरागढ़।** माल वाहक की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। दोपहर के समय हुए इस घटना के मामले में पुलिस आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक में सवार राजनांदगांव की ओर जा रहा था। वह तुरकारीपारा सांस्कृतिक भवन के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही माल वाहक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उक्त घटना के समय एक अन्य बाइक सवार भी उक्त बाइक से टकराकर गिर गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में विज्ञान दिवस पर विविध आयोजन संपन्न हुए। प्राचार्य डॉ.ओपी गुप्ता और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्विज, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ। क्विज प्रतियोगिता में छात्रा कल्पना देवांगन एवं नेहा वर्मा क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में नगमा नियाजी एवं नितेश साहू क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहें तथा भाषण प्रतियोगिता में ऐश्वर्या एवं नगमा नियाजी क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विज्ञान प्रभारी एवं वनस्पति शास्त्र की सहायक प्राध्यापक प्रो.भबीता मंडावी ने विज्ञान के महत्व और वातावरण पर इसके प्रभाव को बताया तथा रसायन शास्त्र की सहायक प्राध्यापक प्रो.मनीषा नायक ने डॉ.सी.वी. रमन की जीवनी पर व्याख्यान दिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में उर्वशी मेश्राम, गोमती साहू, अंजलि पटेल, खेमपाल धनकर के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निधन



### राम रतन

**डोंगरगढ़।** आजाद वार्ड नंबर 1 निवासी राम रतन उर्फ बनी सर अग्रवाल 86 वर्ष का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे कक्कड़ पेट्रोल पंप में कार्यरत मनीष अग्रवाल के पिता जी थे। उनका का अंतिम संस्कार कल सोमवार दोपहर 01 बजे कन्या शाला सरस्वती शिशु मंदिर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### बरगा में विकास के वादे के लिए आगे बढ़े थीम पर आयोजन

# महिलाएं होती है एक अच्छी प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ग्राम बरगा में ''विकास के वादे के लिए आगे बढ़े'' थीम पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि महिला दिवस सभी के लिए है। अब महिलाओं के प्रति सोच एवं विचारों में सामाजिक परिवर्तन आया है। महिलाओं के आगे बढ़ने के लिए पुरूषों का सहयोग मिलता है। महिलाएं एक अच्छी प्रबंधक होती है और घर एवं बाहर की जिम्मेदारी दोनों ही बेहतर तरीके से संभाल रही है। यह हमारी शक्ति है और हम बेहतर तरीके से कार्य कर रहे हैं।

जनप्रतिनिधि सरिता मंडावी ने कहा कि महिला दिवस नारी शक्ति को समर्पित है। सभी दीदी शिक्षित हैं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे। संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि महिलाएं एक बेहतरीन प्रबंधक होती है। वे घर एवं बाहर दोनों तरह की जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। उन्होंने कहा कि बालक एवं बालिकाओं में समानता का भाव होना चाहिए और बालिकाओं को भी बालक की ही तरह पढ़ने एवं अन्य अधिकार मिलना चाहिए।




### महिलाएं अपने लिए समय निकालें

उपायुक्त सहकारी संस्थाएं शिल्पा अग्रवाल ने कहा कि हम सब बराबर हैं और हमें मिलकर अच्छा कार्य करना है। उप निरीक्षक पुलिस गीतांजलि सिन्हा ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए है, ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया जा सके। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शिल्पा तिवारी ने कहा कि महिलाएं अपने लिए समय निकालें और स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। लीड बैंक से निशा गजभिये ने कहा कि बालिकाओं को मजबूत बनाना और बढ़ाना बहुत जरूरी है, जिससे वे आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ाएंगे। जिला विपणन अधिकारी हीना खान ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

### दी जा रही सुविधाएं

जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मनोज कुमार नायक ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास नाबार्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा कृषि उत्पाद संगठन, महिला स्वसहायता समूह को विकास के दृष्टिकोण के साथ नाबार्ड के माध्यम से सुविधाएं दी जा रही है। आरसेटी के संचालक विपिन एक्का ने बताया कि यहां प्रोजेक्टर उन्नति एवं लखपति दीदी के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में लीड बैंक मैनेजर मुनीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के मामले में आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। जिससे नगदी सहित सट्टा-पट्टी बरामद किया गया है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी, अवैध शराब बिक्री व संवेदनशील मामलों के गतिविधयों पर नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य मे पुलिस को 8 मार्च को मुखबीर से सूचना मिला कि कागज में अंकों के सामने रुपए-पैसे का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है।

### पेन सहित नगदी बरामद

ईंटा भठ्ठा के पास डुमर पेड के नीचे महरूम खार ग्राम महरूम में पहुंचकर मौके पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी डोमनलाल साहू 43 साल पता ग्राम महरूम को रंगे हाथों एक नग सट्टा-पट्टी का कागज। जिसमें रुपए-पैसे का दांव लगा लिखा है एवं एक पत्ता कोरा कागज लाईनिग वाला, नगदी रकम 1430 रुपए, एक नग डार्क पेन जुमला रकम 1430 रुपए जब्त कर कार्रवाई की गई।

### फाग एवं झांकी प्रतियोगिता 12 से

**जेवरतला रोड।** ग्राम खामतराई में फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 मार्च को जन सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शिव मंदिर चौक में रखा गया है। आयोजक समिति ने सभी वर्गों के लिए इनाम की व्यवस्था किया है। सुबह 11बजे कार्यक्रम का उद्घघाटन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इसी तारीख को गिधवा, चेंदरीबन नवागांव, दाऊसिर्रा, मांझीसिर्रा, सुखरी, करमतरा, मरेठा नवागांव आदि गांव में प्रतियोगिता रखा गया है। यह जानकारी कृष्णकांत साहू ने दी।

### श्याम प्रभु का रंग रंगीला फागुन महोत्सव आज

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा परंपरा अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग-रंगीला फागुन महोत्सव 10 मार्च को बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री हनुमान श्याम मंदिर में विराजित खाटू वाले श्याम प्रभु का अलौकिक दरबार सजाया गया है। साथ ही मंदिर परिसर की सजावट की गई है। श्री श्याम भरोसे परिवार की ओर से नरेंद्र शर्मा, विष्णु प्रसाद लोहिया, रामकिशन खंडेलवाल, संजय राय, गोविंद अग्रवाल, राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, संतोष बावरिया, बंसी अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव अनेक वर्षों से मनाया जा रहा है। इसके तहत कल 10 मार्च को रात्रि 08:15 बजे से भजन संध्या आयोजित है। भव्य भजन संध्या में अलवर (राजस्थान) के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक कमल कान्हा अपनी सुमधुर वाणी से भजन रूपी अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्जवित की जाएगी। छप्पनभोग लगाया जाएगा, इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माता-बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक उत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## नशे के खिलाफ तथागत ने की एसपी से कार्रवाई की मांग

- महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव जिसे संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है, अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन हाल के दिनों में शहर में अवैध नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। जिससे न केवल युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। युवा नेता एवं समाजसेवी तथागत पांडे ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि शहर के कई इलाकों खासतौर पर मध्य और बाहरी क्षेत्रों में नशे की सामग्री खुलेआम बेची जा रही है। कई कैफे की आड़ में नाबालिग बच्चों को नशे की लत लगाई जा रही है। जिससे समाज पर गंभीर असर पड़ रहा है।

श्री पांडे ने कहा कि रात 9 बजे के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगता है। उन्होंने इसे संस्कारधानी की गरिमा के लिए निंदनीय और चिंताजनक स्थिति बताया। समाजसेवी ने पुलिस से 10 दिनों के भीतर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन सौंपते समय श्री पांडे के साथ युकां पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य शुभम पांडे, युवा नेता सौरभ तिवारी, प्रदीप यादव, श्रीकांत सोनी, शशांक सिंह राजपूत, सुनंदन लोहिया, मोनू ठाकुर, अजय गुप्ता, अक्षत कांकरिया, मोहित अग्रवाल, दर्शन गांधी, अंकित राव, विकास गुप्ता, आशीष गुप्ता, लोमेश निर्मलकर व अन्य शामिल थे।

# बैंक खाता को बेचकर अनैतिक लेन-देन, तीन आरोपी पकड़ाए

- घुमका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक खाता को बेचकर अनैतिक रूप से लेन-देन करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना के अपराध क्रमांक-11/25 धारा-317(2), 317(4), 317 (5), 111, 3 (5) बीएनएस के संदेही खाता धारक त्रिवेणीबाई ठाकुर को तलब कर पूछताछ करने पर खाता धारक के नाबालिग बालक से खाता को मांगकर रोहित मानिकपुरी मुंगेली द्वारा ले जाना बताने पर थाना से टीम तैयार कर मुंगेली रवाना किया गया।

टीम द्वारा मुंगेली पहुंचकर रोहित मानिकपुरी से पूछताछ करने पर भिलाई के अमित गिरी का नाम बताने पर भिलाई रामनगर गुरूनानक नगर पहुंचकर अमित गिरी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जसवीर सिंह को खाता बिक्री करना बताने पर टीम द्वारा तत्काल जसवीर सिंह का मोबाइल टावर लोकेशन प्राप्त कर लोकेशन पर पहुंचकर जसवीर सिंह को जामुल क्षेत्र से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चैन रोहित मानिकपुरी ने अपना स्वयं का खाता एवं त्रिवेणीबाई के बैंक खाता को अमित गिरी को 5000 में बिक्री करना आरोपी अमित गिरी ने रोहित मानिकपुरी से खाता 10000 में खरीदकर अमित गिरी ने अपना स्वयं का खाता व रोहित मानिकपुरी व त्रिवेणीबाई का खाता को 12000=12000 रुपए में बिक्री करना आरोपी जसवीर सिंह ने अपना स्वयं का खाता व अन्य का खाता को एलिवेटर गेम आए मैसेज के तहत कुरियर के माध्यम से नागपुर में बेचना पाया गया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा घुमका का खाता को मांगकर बिक्री कर बैंक खाता का उपयोग अनैतिक लेनत्रदेन सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का उपयोग करने व संर्वधन करने में उपायोग हेतु बिक्री करना पाया गया है।

### अन्य की तलाश

पुलिस ने आरोपी रोहित मानिकपुरी 19 वर्ष निवासी मुंगेली, अमित गिरी 19 वर्ष निवासी गुरुनानक नगर रामनगर सुपेला भिलाई, जसवीर सिंह 24 वर्ष निवासी पंच रस्ता सुपेला को 9 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण के शेष आरोपियों की पता तलाश जारी है।

### आज मनीष और गिन्नी कौर देंगी शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित 30वें चार दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस कल 10 मार्च को रात्रि 07 बजे से उदयाचल प्रांगण में भव्य भजन संध्या आयोजित है। जिसमें मुंबई के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक मनीष भट्ट एवं मुंबई की ही श्याम दीवानी गिन्नी कौर द्वारा फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने फागुनी रंगों में रंगे भजनों की बौछार से भक्त एवं भगवान को स्नान कराते अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे।श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, भावना घनश्याम अग्रवाल, विद्या गोपाल अग्रवाल, ज्योति सुशील अग्रवाल, सोनल अशोक अग्रवाल, प्रीति शंकर खंडेलवाल, मिथिलेश संतोष हुंका के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुनी महोत्सव को भव्यता प्रदान करने उदयाचल प्रांगण में श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक दरबार सजाया गया है। महोत्सव के द्वितीय दिवस 9 मार्च को कोलकाता की श्याम सेविका श्वेता कौशिक एवं लखनऊ की श्याम दीवानी गुड़िया विभा मिश्रा ने अपने सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।





## महिला दिवस पर योग वेदांत सेवा समिति ने निकाली संस्कृति रक्षा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महिला उत्थान मंडल व श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा संत आशारामजी बापू के ससम्मान रिहाई को लेकर विशाल वाहन यात्रा निकाली गई। महिलाएं वाहन यात्रा में शामिल होकर संस्कृति रक्षक संत आशारामजी बापू की ससम्मान रिहाई की मांग की। संस्कृति रक्षा यात्रा मोहारा स्थित आशारामजी बापू आश्रम से निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते गुरूनानक चौक पर समापन किया गया।

महिला दिवस पर यात्रा में दुर्गा माता, रानी लक्ष्मीबाई, भारतमाता, माता सबरी, मीराबाई, छत्तीसगढ़ महतारी, सैनिक आदि की वेशभूषा धारण किया तथा उनके बलिदान को याद कर उनके उपकारों से अवगत कराया गया । पूज्य संतश्री आशारामजी बापू के ससम्मान रिहाई के लिए राजनांदगांव, मोहला-चौकी, गंडई-खैरागढ़ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसी तरह छुरिया व डोंगरगढ़ समिति द्वारा तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी व सरिता चक्रधारी ने बताया कि विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में बापूजी की ससम्मान रिहाई देशभर में अनेक संगठनों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को शीघ्र रिहाई के लिए ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है, ताकि पूज्य बापूजी को ससम्मान रिहा किया जाए।

### पार्टी से बगावत करने वाले कांग्रेसी हुए निष्कासित

**राजनांदगांव।** हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी के निर्णय और नियमों के विरूद्ध जाकर नगर पंचायत छुरिया में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भोजवानी साहू, सलमान खान, सादिक मेमन, आसिफ खान, अनिल लारोकर, रेणुका साहू, ताहिर खान (रोमी), नारद उईके को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

**जमीन बेचना**

फसल सहित **कुल 42 एकड़ खेत** एक जगहों पर बिकाऊ है ग्राम कुंआ तहसील नवांगाढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) कीमत **21 लाख रू. प्रति एकड़**

कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें, कृपया दलाल सम्पर्क ना करें.....

प्रधान मंत्री मेन रोड से लगा हुआ ग्रामीण **सड़क' - 15 एकड़ में गन्ना, 15 एकड़ में मुसम्मनी, 12 एकड़** में मक्का चारों तरफ खम्बा तार से घीरा हुआ है, सुविधायें - **04 ट्यूबवेल** से खेत के नीचे अंडरग्राउंड सिंचाई पानी हेतु पाईप लाईन लगा हुआ है।

**- सम्पर्क सूत्र -**
**जय श्री महाकाल प्रापर्टी डिलिंग**
**कार्यालय पंडीत चौक कुण्डा रोड**
**सेतगंगा-तालम जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9238210014**

## नेशनल लोक अदालत में कई प्रकरणों का निपटारा कर पक्षकारों को किया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को किया गया जिसमें प्रकरण के पक्षकारों को भौतिक रूप से एवं वर्चुअल कांफ्रेंसिंग दोनों मुख्य माध्यम से मामले में सुलह की सुविधा प्रदान की गई।

उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित महिला कोर्ट स्टाफ एवं पक्षकार महिलाओं को पेन देकर सम्मानित किया गया। जिसमें डीजे चन्द्र कुमार कश्यप, सीजेएम श्याम कुमार साहू, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन, संपूर्ण कोर्ट स्टाफ सहित पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, कला प्रजापति ,छविराज

सहित समस्त पक्षकारगण, अधिवक्ता गण शामिल हुए। न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप जिला एवं अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ के 38 प्रकरणों को पक्षकारों से सहमति उपरांत मामले का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें 8 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 51 लाख 57 हजार 242 रू., अदर सिविल केसेस 4 में 42 लाख 90 हजार 221 रू. में हुआ वही प्री लिटिगेशन नगर पालिका खैरागढ़ के 8 मामले में 48484 रुपए, विद्युत बिल के एक मामले में 2467 बीएसएनएल के 17 मामले में 16119 रू में हुआ। इसी प्रकार श्याम कुमार साहू मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खैरागढ़ के ट्रैफिक चालान में 621 मामलों में 62100 रू और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 79 प्रकरणों में 39500 रूपए, 138 चेक बाउंस के 2 मामले में 703000 रू की अवार्ड राशि पास हुआ और 17 आपराधिक मामलों में भी समझौता हुआ।

### चालान के 180 मामलों में 18000 रुपए अवार्ड पारित

गुरुप्रसाद देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में और ट्रैफिक चालान में 180 मामलों में 18000 रूपए और वही कैसेस ऑफ यू/एस 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 2 प्रकरणों में 21000रू अवार्ड राशि पास हुआ साथ ही न एक्ट 138 के 2 मामले में और अदर सिविल केसेस के 1 मामले व 9 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केसेस में भी राजी खुशी से समझौता हुआ। साथ ही राजस्व न्यायलों में 3445 प्रकरण भी निराकृत हुए जिसमें 9 करोड़ 11 लाख की राशि आवंटित हुए। राजीनामा करने हेतु तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा प्री सिटिंग की व्यवस्था भी की गई थी जहां लोगों को आपसी सुलह से राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार आज के नेशनल लोक अदालत में कुल 4396 केसों का निपटारा हुआ जिसमें कुल अवार्ड 10 करोड़ 14 लाख 58 हजार1 सौ 33 रूपए पारित हुआ।





## खबर संक्षेप

### ग्रापं दौजरी में उपसरपंच चुनाव रहा कांटे का टक्कर, एक वोट से जीते शिवराम चंद्रवंशी



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी में उपसरपंच का चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें पंचायती राज चुनाव के बाद पंचों द्वारा उप-सरपंच की प्रत्याशी बनने के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिली। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दौजरी में शिवराम चंद्रवंशी को 6 वोट के साथ उपसरपंच पद के लिए चुना गया। वहीं अपनी प्रतिद्वंदी पक्ष को 5 मतो से संतुष्ट होना पड़ा। उप सरपंच पद पर नियुक्त शिवराम चंद्रवंशी का ग्रामीणों ने भव्य फूल-माला व रंग गुलाल से स्वागत के साथ एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

### सत्यमेव जयते क्लब अध्यक्ष ने जन्मदिन पर स्कूली छात्र छात्राओं को वितरित की सामाग्री



**हरिभूमि कवर्धा।** सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा जो कि विभिन्न प्रकार से बदलते मौसमों व जनताओं की आवश्यकता अनुरूप जनसेवा करने के नाम से जानी जाती हैं। इस क्लब ने रक्तदान कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को राहत पहुंचाई है। सत्यमेव जयते क्लब अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे एवं सक्रिय सदस्य पुष्पेन्द्र कुमार धुर्वे ने 07 मार्च को संयुक्त रूप से वनांचल ग्राम रामपुर प्लाट में सैकड़ों लोगों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। सेलिब्रेशन में क्लब द्वारा 30-32 स्कूली छात्र छात्राओ सहित 50 से अधिक ग्रामीणजनों को वाटर बॉटल एवं स्टेशनरी सामाग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप कन्या छात्रावास रेंगाखार की अधीक्षिका श्रीमती राधिका कुशरे, अनुज कुमार कुशरे, बसंत गावड़े, संतोष कुमार कुशरे, श्रीमती श्यामकुंवर धुर्वे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### हरिनछपरा में निर्विरोध उप-सरपंच श्रीमती शीतला सत्यनारायण भारती बने



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा जहां पंचायती राज चुनाव के बाद अब पंच पद जीतने के बाद उप-सरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी पंचो ने एकता व आपसी सामंजस्य के साथ महिला पंच श्रीमती शीतला सत्यनारायण भारती को उप सरपंच चुना गया। जिससे ग्राम पंचायत हरिनछपरा में शांति पूर्ण, एकता व भाईचारे के साथ उपसरपंच निर्विरोध चुने जाने पर ग्रामवासियों द्वारा उपसरपंच को रंग गुलाल व फूल-माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, सचिव एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### ग्राम पंचायत भगतपुर में उप-सरपंच पद पर श्रीमती चंद्रकली दिनेश साहू निर्वाचित हुए



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली में उपसरपंच का चुनाव संपन्न पीठाशीन अधिकारी ललित चंद्रवंशी, सचिव उत्तरा कुर्रे एवं रोजगार सहायक प्रमोद बांधेकर द्वारा शांति पूर्ण उप सरपंच का चुनाव संपन्न कराया। उप सरपंच में नव निर्वाचित श्रीमती चंद्रकली दिनेश साहू के निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के ग्रामवासियों ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल व मिठाई खिलाया। ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली में 10 पंच में दो उम्मीदवार जिसमें सुरेश चन्द्रवंशी तथा श्रीमती चंद्रकली दिनेश साहू ने नामांकन दाखिल किया, वहीं पंचों नें श्रीमती चंद्रकली दिनेश साहू को ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के उप सरपंच निर्वाचित हुए। पीठासीन अधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित उपसरपंच श्रीमती चंद्रकली दिनेश साहू को प्रमाण पत्र सौंपा गया, जिससे ग्रामीणों मे भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**चुनाव: नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को विधायक भावना बोहरा ने दी बधाई**

# नपं इंदौरी में निर्विरोध चुने गए भाजपा उपाध्यक्ष स.लोहारा जनपद में भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा के जशवंत साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए वहीं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने गए। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष हेतु दुर्गा सिंह ने 17-8 एवं उपाध्यक्ष हेतु भाजपा के अशोक पटेल ने 18-7 से एकतरफा जीत सुनिश्चित की। इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी।

भावना बोहरा ने नगर पंचायत इंदौरी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जशवंत साहू एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा सिंह एवं उपाध्यक्ष अशोक पटेल को बधाई देते हुए कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के प्रति जो जनविश्वास प्रकट किया वह क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु सार्थक सिद्ध होगा।

नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई व इंदौरी में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं वहीं जनपद पंचायत पंडरिया में भी भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद आज सहसपुर लोहारा जनपद में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की कुनीतियों एवं भ्रष्टाचार से गांव व नगर का विकास पूरी तरह ठप्प था, लेकिन विगत 14 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार बनते ही जनता ने विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर देखा, जनता किस सुविधाओं एवं बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा की नीतियों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है। नगर पालिका हो या नगर पंचायत, जिला पंचायत हो या जनपद पंचायत आज भाजपा सरकार की नीतियों एवं विकास कार्यों से लगातार विकास कार्य हो रहें हैं। पंडरिया विधानसभा विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है इसका पूरा श्रेय क्षेत्र की जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है। चुनाव के पूर्व हमने अटल संकल्प पत्र एवं हमर संकल्प पत्र में जो भी वादे किये हैं अब उन्हें जनता के सुझाव एवं मार्गदर्शन से मुर्तरूप देंगे और हमारे शहर व नगर में विकास की अविरल धारा प्रवाह करते हुए पंडरिया, पांडातराई एवं इंदौरी नगर को एक विकसित व आदर्श नगर बनाकर समृद्ध पंडरिया विधानसभा के हमारे लक्ष्य को पूरा करेंगे।

### पूर्ण पादरर्शिता युवा, महिला, किसान, व्यापारी के हितों के लिए कार्य करेंगे: विधायक



विधायक बोहरा ने कहा कि प्रदेश से शहर एवं गांव-गांव तक अब विकास के नए अध्याय, भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार के नेतृत्व में लिखे जाएंगे। पंडरिया विधानसभा की समृद्धि के साथ ही उसे भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त बनाने के लिए जो संकल्प किए हैं उसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ युवा, महिला, किसान, व्यापारी के हितों के लिए कार्य करेंगे। आने वाले पांच वर्ष गांव व नगर के विकास को समर्पित होंगे और इसके लिए जनता के सुझाव व मार्गदर्शन हमारे लिए बहुमूल्य है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत पंडरिया के चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में इस बार पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका पंडरिया में भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए, नगर पंचायत पंडरिया में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए, जहां उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस ने वॉक आउट किया, नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा की अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी और आज निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए, जनपद पंचायत पाण्डातराई में भी भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने गए और आज सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। भावना बोहरा ने इस बार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार किया वहीं उनके सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के विकास हेतु किये गए जनहित के कार्यों से जनता के मध्य एक सकारात्मक सन्देश गया है और नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है।

## भुइयां जिम्मेवारी व जतन कार्यक्रम का आयोजन सतत कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर हुआ व्यापक संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति और समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भुइयां जिम्मेवारी और जतन कार्यक्रम का सफल आयोजन श्याम पैलेस, कवर्धा में हुआ। इस आयोजन में चार सौ से अधिक लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 4 रिटर्न्स फ्रेमवर्क के तहत समुदाय नेतृत्व और समावेशी भूदृश्य पुनर्स्थापन (लैंडस्केप रेस्टोरेशन) पर संवाद को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में कृषि, पर्यावरण और सामाजिक क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ एवं अतिथि उपस्थित थें। इनमें प्रमुख रूप से डॉ आर रवि सक्सेना (कुलपति एमजीयूवीवी), शशि कुमार (डीएफओ, कवर्धा), विष्णु वैभव द्विवेदी (सीटीओ, आईआईटी भिलाई), डॉ गोवर्धन भट्ट (सहायक प्रोफेसर, एनआईटी रायपुर), अभिषेक सिंह (एसबीसी विशेषज्ञ, यूनिसेफ), डॉ एन सारंग (एसोसिएट प्रोफेसर, फिशरीज कॉलेज कवर्धा), अखिलेश दुबे (सहायक कृषि निदेशक, कवर्धा), डॉ शुभा बनर्जी (सहायक प्रोफेसर, आईजीकेवी), हरमा राडेमेकर और शेखर कोलिपाका (कॉमनलैंड, नीदरलैंड्स), ईशा झावर (सीईओ, रिपीट गुड) और डॉ संकेत ठाकुर (कृषि वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता) शामिल थे। कार्यक्रम में सतत कृषि, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। विशेषज्ञों ने टिकाऊ कृषि, जलवायु अनुकूलन, कार्बन क्रेडिट और सामुदायिक नेतृत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रवि आर. सक्सेना ने अपने समापन भाषण में सतत कृषि, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। रजनीश अवस्थी (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिति) ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन कविता लांझी और दीपाली ने किया।

#### कवीर लैब का उद्घाटन जैव-इनपुट उत्पादन में नवाचार की दिशा में बड़ा कदम

कार्यक्रम के दौरान कवीर लैब का उद्घाटन किया गया, जो जैव-इनपुट उत्पादन के लिए एक बायोटेक्नोलॉजी लैब, बायोफर्टिलाइजर उत्पादन प्रशिक्षण केंद्र, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला और व्यवहार प्रयोग शाला को मिलाकर तैयार की गई है। यह लैब किसानों को जैविक खेती से जोड़ने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नवाचार और ज्ञान प्रसार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी।

#### बैगा नृत्य और परिवर्तन की कहानियां बनीं आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में पलक बैगा नृत्य समूह द्वारा पारंपरिक बैगा नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने आदिवासी समुदायों के प्रकृति से गहरे जुड़ाव को दर्शाया। इसके बाद ओमप्रकाश चंद्राकर, कुंती बाई, फगनी मसराम, सुनीता चंद्रवंशी, विजय मेरावी, दुकलहा चंद्रवशी, बल्लू सिंह बैगा और भागवत चंद्राकर ने अपनी परिवर्तनकारी कहानियां साझा कीं, जो 4 रिटर्न्स मॉडल के प्रभाव को दर्शाती हैं।

#### महिला सशक्तिकरण पर विशेष प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा आदिवासी विद्यालय कवर्धा की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस प्रस्तुति ने ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी को उजागर किया।

## लाखों रुपए की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम आधा-अधूरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में 52 लाख रुपए की लागत राशि से मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं निर्माण कार्य में जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियो की भारी अनेदखी के कारण निर्माण कार्य आज पर्यन्त तक आधा अधूरा निर्माण कार्य हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा आधा अधूरा निर्माण कार्य को पूर्ण किए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों का मिनी स्टेडियम का बुनियादी सुविधा व लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि मिनी स्टेडियम मैदान में बोर खनन व गुणवत्ताहीन मुरूम डाला गया है, जिससे आसपास क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल-कूद करने में भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द आधा अधूरा निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के युवाओं व बच्चों को मिनी स्टेडियम का लाभ व सुविधा मिल सकें।

## सड़क में आवारा मवेशियों का जमावड़ा, आवाजाही बाधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत कवर्धा बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग में आदर्श कृषि मंडी जोराताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला में आवारा मवेशियों का जमावड़ा होने से ग्रामीण राहगीरों को सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा बिलासपुर नेशनल मार्ग सड़क व पुल के ऊपर आवारा मवेशियों का जमावड़ा से आने-जाने वाले राहगीरों व भारी वाहन चालको को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे दिनों दिन सड़क हादसे बढ़ती जा रही है। वहीं जिले के प्रशासनिक अमले से इन मवेशियों के पालको पर कार्रवाई कर इन्हे सड़क व पुल मार्ग से हटाने की मांग की है ताकि हादसे को रोका जा सकें, क्योंकि पालतू जानवरों की देखभाल करना मनुष्य का कर्तव्य होता है जिस प्रकार पालतू जानवर कुत्ते की घर पर अच्छी तरह से परवरिश किया जाता है लेकिन पालतू पशु गाय, बछड़ा, बैल व भैंस की प्रति लोगों का मोहभंग हो रहे हैं क्योंकि समाज व धर्म के लोगो को मानवता का महान भूमिका निभाने की जरूरत है।

### नव निर्वाचित सरपंच ने बोर खनन का किया भूमि पूजन

**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम पंचायत बारदी में नव-निर्वाचित सरपंच द्वारा आश्रित गांव गोरखपुर में श्रीमती सोनिया प्रमोद साहू ने बोर खनन का भूमि पूजन किया गया तथा बोर खनन कार्य किया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बारदी के आश्रित ग्राम गोरखपुर में रहवासियों को पेयजल की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी, जिनके कारण ग्रामीण जन दूर दराज से पेयजल लाने व भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था। जिस पर ग्रामीणो ने इस समस्या को लेकर नव निर्वाचित सरपंच को अवगत कराया। वहीं नव निर्वाचित सरपंच पेयजल की समस्या को देखते हुए तत्काल संज्ञान मे लिया व भूमि पूजन कर बोर खनन कार्य कराया गया। जिससे बोर खनन के बाद ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात तथा बुनियादी सुविधा मिलेगी। जिस पर ग्रामीणों ने नव निर्वाचित सरपंच का आभार व्यक्त किया।

**चित्रकला प्रतियोगिता सैकड़ो विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया**

## नवोदय विद्यालय में गति निर्धारक गतिविधि कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला में समीपस्थ विद्यालयों के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए गति निर्धारक गतिविधि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का विषय इस बार चित्रकला एवं स्वास्थ्य व स्वच्छता पर केंद्रित रहा। गतिविधि के लिए शासकीय प्राथमिक शाला उड़िया कला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उड़िया खुर्द का चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम के कला शिक्षक राजेश कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में दोनों विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के खेल शिक्षक हरिशंकर साहू ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी और नियमित दिनचर्या को बेहतर बनाने के उपयोगी सुझाव दिए। गति निर्धारक गतिविधि का मुख्य उद्देश्य समीपस्थ विद्यालयों के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक वातावरण को अधिक सक्रिय और समृद्ध बनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय प्राथमिक शाला उड़िया कला के प्रधानपाठक किशोर नागराज एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उड़िया खुर्द की शिक्षिका श्रीमती रीना तंबोली का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला, जिला कबीरधाम के संस्था प्रमुख ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं सहयोगी कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### महिला दिवस पर शिक्षिकाएं की गई सम्मानित

**बोड़ला।** वनांचल के पालक संकुल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव द्वारा बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। यह दिन महिलाओं के साथ समानता और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष की याद दिलाता है। सहायक विकास खण्ड अधिकारी राजपूत ने भी सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। 5 वीं, 8 वीं बोर्ड परीक्षा की भी तैयारी की जानकारी ली एवं शत प्रतिशत विद्यार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति हेतु सभी प्रधान पाठकों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, प्रधान पाठक अन्नपूर्णा यादव, प्रधान पाठक सतरूपा भारद्वाज, आरती झारिया, चमेश रावटे शिक्षिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक विकास खण्ड अधिकारी राजपूत, संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।



### हेमंत शर्मा चुने गए नेवारीगुढ़ा के उप सरपंच

**बिजई।** ग्राम पंचायत नेवारीगुढ़ा में बीते शनिवार को उप सरपंच के लिए चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें आश्रित ग्राम दुल्लापुर निवासी हेमंत शर्मा को उप सरपंच चुना गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित उप सरपंच द्वारा सरपंच, सभी पंचों एवं देवतुल्य मतदाताओं, शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उप सरपंच के पद जीत दर्ज करने पर ग्राम पंचायत नेवारीगुढ़ा, आश्रित ग्राम दुल्लापुर के समस्त शुभचिंतकों द्वारा हेमंत शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### राजानवागांव स्कूल में मनाया गया महिला दिवस

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में महिला दिवस का आयोजन पुलिस विभाग के खुमान सिंह प्रधान आरक्षक प्राचार्य सुजीत कुमार गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। 2025 के लिए थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए जीवन अधिकार, समानता, सशक्तिकरण है जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को तेज करने की आवश्यकता पर जोर देती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने कहा कि नारी अपने आप में एक शक्ति है जब वह अपनी शक्ति को पहचान लेती है तब दुनिया की हर बंदिश को तोड़कर आगे बढ़ती है और अपनी नई पहचान बनती है । पुलिस विभाग से आए प्रधान रक्षक ने कहा कि रूस में 8 मार्च 1917 को महिलाओं में अपनी हक के लिए हड़ताल की इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसी दिन को ध्यान में रखते हुए 1975 में आधिकारिक तौर पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी। विद्यालय की व्याख्याता जय लक्ष्मी शर्मा ने वर्तमान समय में समाज में महिलाओं की भूमिकाओं को रेखांकित किया छात्रों को लगातार मेहनत कर आगे बढ़ते हुए घर एवं समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित किया ।इस कार्यक्रम में प्रधान आरक्षण खुमान सिंह ठाकुर, राजेश देश लहरे, आदित्य कृशे, बरखा रानी साहू, जय लक्ष्मी शर्मा, शोभना जांगड़े, उषा गुप्ता, बिंदेश्वरी सिंहा, आशा अवस्थी एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रत्येक ग्रामो में बनेगी सहकारी समितियां

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में सहकारिता के विस्तार और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला विकास सहकारी समिति की बैठक आज कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समितियों के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों और सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे सहकारिता को ग्रामीण विकास का मुख्य आधार बनाते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सहकारिता ही सशक्तिकरण का आधार है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। बैठक में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत जिले में प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बताया गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, जिसके तहत सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों और विकास योजनाओं को लागू करने की योजना बनाई गई है। राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव सहकारिता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप जिला स्तर पर वार्षिक सहकारिता गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया है।

### डाइट में आज से आयोजित योग प्रशिक्षण स्थगित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की मांग के बाद डाइट महराजपुर में 10 से 15 मार्च तक आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण को डाइट प्राचार्य ने स्थगित कर दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण 10 से 13 एवं 15 मार्च को डाइट में होना प्रस्तावित था अर्थात होली पर्व के एक दिन पहले व बाद में भी प्रशिक्षण होना था, जो अव्यवहारिक था, क्योंकि कई शिक्षक इस पर्व पर अपने गृहग्राम जाते हैं। इसी कारण से वर्तमान समय में परीक्षा व होली जैसे महत्वपूर्ण पर्व को दृष्टिगत रखते हुए इस प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग किया गया था। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने डाइट प्राचार्य व योग प्रशिक्षण प्रभारी को प्रशिक्षण स्थगन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### निधन: गंगाराम साकत

**कोदवागोड़ान।** कोदवागोड़ान के वरिष्ठ नागरिक एवं गांव के धार्मिक व सामाजिक कार्यों में हमेशा अपनी सहभागिता निभाने वाले 66 वर्षीय कुशल तबला वादक गंगाराम साकत का कल रात निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे और उनका इलाज बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। रविवार की सुबह उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में गमगीन ग्रामवासियों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



**अनदेखी:** जिले के तरेगांव तथा बोड़ला वन परिक्षेत्र के जंगलों में लगातार सुलग रही है आग, वन विभाग बेपरवाह

# ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही दहकने लगे जिले के जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभी ग्रीष्म ऋतु का ढंग से आगाज भी नहीं हो पाया है कि अंचल के जंगलों में अवैध कटाई के साथ-साथ आग का खतरा मंडराने लगा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि वन विभाग इस खतरे से भी जंगलों को तबाह होने से नहीं बचा पा रहा है। ज्ञातव्य हो कि प्रायः पतझड़ के बाद गर्मी के दिनों में जंगल प्राकृतिक रूप से अथवा मानवीय चूक के चलते आगजनी का शिकार हो जाते है और पूरा जंगल आग की लपटों से घिर जाता है। इस बार भी ग्रीष्म ऋतु के शुरूआती दिनो में ही जिले के जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी है। बताया जाता है कि बीते दिनो से विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के तरेगांव तथा बोड़ला वन परिक्षेत्र के ग्राम मगरवाड़ा, खिरया, अचानकपुर सहित अन्य गांव के जंगलों में आग लगी हुई। जो रात के समय कई किलो मीटर दूर से भी साफ दिखाई दे रही है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इन जंगलों में सुलग रही यह आग जिम्मेदार वन विभाग और उसके अमले को नहीं दिखाई दे रही है। नतीजतन आग बुझाने वन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नजर नहीं आ रहा है। जिससे आग का दायरा बढ़ता जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रीष्म ऋतु के दिनो में हर साल जिले के कवर्धा विकासखण्ड भोरमदेव, सैगोना, झपरी, सरोधा, तारो, खैरबना, सहित विकासखण्ड पंडरिया, लोहारा और बोड़ला के जंगलों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आती है। लेकिन हर साल होने वाली इन घटनाओं के बाद भी वन विभाग द्वारा इन्हें रोकने के लिए जमीनी स्तर पर कोई तैयारी नहीं की जाती है। हां शासन द्वारा जंगलों को आग से बचाने के लिए मिलने वाले फंड को हांसिल करने के लिए जरूर कागजों में कई योजनाएं भी बनाई जाती है और तथा कथित प्रयास भी दिखाए जाते हैं लेकिन यह सब कागजी होता है और पूरी ग्रीष्म ऋतु भर जिले के जंगल इसी तरह से सुलगते रहते हैं।



#### जंगलों का हर साल होता है भारी नुकसान

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की अग्नि दुर्घटना से जिले के जंगलों का भारी नुकसान होता है। अग्नि दुर्घटना से जहां जंगलों में लगे कीमती पेड़, पौधे नष्ट हो जाते हैं वहीं वनोपज भी इससे प्रभावित होती है। इसके अलावा शाकाहारी वन्यप्राणियों के लिए भी उपयोगी वनस्पति नष्ट होने से गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है और उन्हें भोजन पानी के लिए भटकने मजबूर होना पड़ता है। ऐसी ही अग्नि दुर्घटनाओं से प्राभावित वन्यप्राणी ग्रीष्म ऋतु के सीजन में जंगलों से भटक कर आबादी क्षेत्रों की रूख कर जाते हैं और उनकी जान आफत में पड़ जाती है। लेकिन इन सब के बावजूद वन विभाग द्वारा अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने कोई कदम न उठाना समझ से परे है।

#### मानवीय चूक के साथ प्राकृतिक कारणों से जंगलों में लग रही आग

वैसे तो ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगलों में आग लगना एक प्राकृतिक घटना मानी जाती है। लेकिन जंगलों में आग सिर्फ प्राकृतिक रूप में नहीं लगती कुछ हद तक इसके लिए मानवीय चूक और लापरवाही भी जिम्मेदार है। बताया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान वनवासी ईलाकों के ग्रामीण दूसरी वनोपज के साथ मुख्य रूप से महुआ बीनने जंगलों में जाते हैं। और इन लोगों द्वारा महुआ बीनने के लिए महुआ पेड़ों के नीचे आग लगाकर पत्तों को साफ किया जाता है ताकि उन्हें पेड़ों से गिरे महुआ को बीनने में आसानी हो। लेकिन यह सब ग्रामीण अपनी निगरानी में नहीं करते और कई बार यह आग फैल जाती है तथा बड़ा रूप ले लेती है। इसके अलावा वनोपज संग्राहक कई बार जलती हुई बीड़ी आदि को लापरवाही पूर्वक जंगल के सूखे पत्तों में फेंक देते हैं जिससे भी आग भड़क जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि वन विभाग को ग्रामीणों को इसके लिए न सिर्फ जागरूक करना चाहिए इस तरह की लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही भी करनी चाहिए।

## सड़क हादसे के घायलों से की डिप्टी सीएम ने की मुलाकात

### सभी घायलों के बेहतर ईलाज के दिए गए निर्देश



- शनिवार को कवर्धा के सरोदा डैम पलानी पाट हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कवर्धा के सरोदा डैम पलानी पाट के समीप हुए सड़क हादसे में घायल मरीजों से रायपुर के अस्पताल में मुलाकात की।

उन्होंने घायलों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। घटना के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों के इलाज का हाल-चाल लिया। उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली और चिकित्सकों से घायलों की चिकित्सा प्रक्रिया पर चर्चा की।

इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह निर्देश दिया कि घायलों को जल्द से जल्द और बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए ताकि उनकी स्थिति में सुधार हो सके। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान घायलों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस तरह की घटनाओं को लेकर पूरी तत्परता से काम किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने सभी से सावधानी बरतने की अपील की और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अस्पताल प्रशासन ने घायलों के इलाज के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया और कहा कि चिकित्सकों की पूरी टीम मरीजों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उल्लेखनीय हैं कि इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए है, जिनमें कुछ लोगो को गंभीर चोट आई है। दुर्घटना के बाद राहत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई की और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

#### हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 3

शनिवार को कवर्धा के सरोदा डैम पलानी पाट के समीप हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी वहीं करीब 30 से अधिक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल थे। जिन्हें जिला चिकित्सालय कवर्धा के अलावा कवर्धा के निजी अस्पतालों तथा रायपुर रिफर किया गया था। बताया जाता है कि इन गंभीर रूप से घायलों में रविवार को ग्राम चिमरा निवासी एक और महिला भूतिन बाई साहू आयु 55 वर्ष की रायपुर के व्हीवाई अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। भूतिन बाई की मौत के साथ अब इस हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 3 हो गया।

## श्रीमती दुर्गा बनी जपं स.लोहारा की अध्यक्ष, अशोक पटेल चुने गए उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में हुए मतदान के अनुसार, श्रीमती दुर्गा सिंह को अध्यक्ष पद हेतु 17 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी जीवन भाई नेताम को 8 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में अशोक पटेल ने 18 मत प्राप्त कर विजय हासिल की, वहीं योगेश कुमार साहू को 7 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। चुनाव के बाद भाजपा खेमें के साथ नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के समर्थकों में जबरदस्त खुशी व उत्साह देखने को मिला और उन्होने दोनो को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर बड़ी संख्या में जनपद सदस्य के साथ भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय में मनाया गया 7 वां जन औषधि दिवस

**कवर्धा।** जिला चिकित्सालय कबीरधाम में 7 वां जन औषधि दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. शामिल हुए। डॉ. बीएल राज ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत जन औषधि के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से कम मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। ये दवाइयां बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर मिलती हैं और इनके प्रभाव में कोई अंतर नहीं होता। इस अवसर पर डॉ.सलिल मिश्रा शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ. हर्षित टुवानी , डॉ. अर्पित यादव, अरुण पवार अ, बालाराम साहू वीरेंद्र बंजारे और हरीश साहू उपस्थित थे।

### बालका रामकिंकर वर्मा बनी बोड़ला जपं की अध्यक्ष...




**कवर्धा।** जनपद पंचायत बोड़ला में अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। जिसमें श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा को जनपद पंचायत बोड़ला का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नंद श्रीवास को निर्विरोध चुना गया। श्रीमती वर्मा व श्री श्रीवास के जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने जाने से उनके समर्थकों में भारी खुशी देखी जा रही है। इस अवसर जिला भाजपा के अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी व अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सालभर पूर्व स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण का अतापता नहीं**

## गुड़ फैक्ट्री के रबीस से सड़क का गड्ढा पाटने में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम रूसे से भगतपुर, कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर होते हुए दामापुर तक प्रधानमंत्री सड़क की घोषणा हुए करीब साल भर से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन इस जर्जर और खस्ताहाल सड़क का न तो अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है और न ही सड़क की मरम्मत ही की जा रही है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। ऐसी स्थिति में शासन-प्रशासन पर से अपना विश्वास खो चुके क्षेत्र के ग्रामीणों ने अब इस खस्ताहाल सड़क के गड्ढों को पाटने के लिए स्थानीय गुड़ फैक्ट्रियों से निकलने वाले रबीस का उपयोग शुरूकर दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम भगतपुर से धनेली प्रधानमंत्री सड़क मार्ग में निर्मित हो चुके बड़े और गहरों गड्ढों में स्थानीय ग्रामीणों ने गुड़ फैक्ट्री से निकलने वाले रबीस को डालकर गड्ढों को पाट दिया है। जिससे मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को अब कुछ हद तक इन जीवलेवा और बेहद तकलीफदायक गड्ढों से राहत मिलती दिखाई दे रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्रवासियों के लिए यह बेहद उपयोग सड़क वर्षो से खस्ताहाल और जर्जर स्थिति में बड़ी है जिसके नवीनीकरण की मांग वर्षो से क्षेत्रवासी करते आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों की इस मांग पर ही करीब साल भर पूर्व शासन ने मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि स्वीकृति के साल भर बाद भी इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जो समझ से परे है।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेल में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बिलासपुर में आयोजित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के राज्य स्तरीय क्रीडा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 2024-25 में कबीरधाम जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन किया। इन बच्चों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और कई पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के नेतृत्व और जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, डीएमसी कबीरधाम तथा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। इन सभी ने बच्चों के प्रयासों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से जिला प्रभारी एपीसी राकेश चंद्रवंशी, कवर्धा बीआरपी होमबाई साहू, स. लोहारा बीआरपी रेशमा मेश्राम एवं नरेश सोनी, पंडरिया बीआरपी विनोद गोस्वामी और बोड़ला बीआरपी गायत्री प्रसाद साहू ने बच्चों को प्रेरित किया और उनका मार्गदर्शन किया। इस आयोजन में सम्मिलित सभी अधिकारियों ने इसे बच्चों के कड़े परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया। बच्चों ने न केवल खेलों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया, बल्कि यह साबित किया कि मेहनत और लगन से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। इन शानदार उपलब्धियों के लिए बच्चों का दिल से अभिनंदन किया गया।


श्रीमती भावना बोहरा
पण्डरिया विधायक
श्री धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
सक्रिय एवं जुझारू, ग्राम विकास के लिए सदैव तत्पर
भाई मुमताज अहमद बाबा खान
को ग्राम पंचायत कुण्डा के
उपसरपंच पद पर
निर्विरोध निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
शेख मुमताज अहमद
(बाबा खान)
सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा


सक्रिय एवं जुझारू, ग्राम विकास के लिए सदैव तत्पर
भाई मुमताज अहमद बाबा खान को
ग्राम पंचायत कुण्डा के उपसरपंच पद पर
निर्विरोध निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शेख मुमताज अहमद
(बाबा खान)
नवनिर्वाचित उपसरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा
हरेन्द्र चन्द्राकर
नवनिर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा
सचिव रमेश शर्मा
ग्राम पंचायत कुण्डा
परमेश्वर सोनवानी
रोजगार सहायक सचिव
ग्राम पंचायत कुण्डा